भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1394**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**सीसीटीएनएस परियोजना**

**1394. श्री गोपाल शेट्टीः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र से अपराध और अपराधी ट्रैकिंग सिस्टम नेटवर्क (सीसीटीएनएस) परियोजना के शेष कार्यों के लिए अपेक्षित 55 करोड़ रुपये स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ग) उक्त प्रस्ताव को अंतिम रुप कब तक दिए जाने की संभावना है और इसमें विलंब के क्या कारण है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

**(क) से (ग): सरकार को महाराष्ट्र सरकार से सी सी टी एन एस परियोजना को आगे कार्यान्वित करने के लिए नेटवर्किंग, सिस्टम इन्टीग्रेटर, राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एस पी एम यू) संबंधी व्यय को पूरा करने हेतु 55.04 करोड़ रुपए जारी करने का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था।**

------